ROADSAFE RANGERS

ड्राइववे सेफ़्टी

ड्राइववे रनओवर्स रोके जा सकते हैं

हर हफ़्ते ऑस्ट्रेलिया में लगभग तीन बच्चों को अनजाने में गाड़ियाँ कुचल देती हैं - ज़्यादातर अपने ही घर के ड्राइववे में।

रीवर्सिंग हादसों में अक्सर फोर-व्हील ड्राइव और SUV वाहन शामिल होते हैं, लेकिन कई लोकप्रिय फ़ैमिली सेडान भी इसमें शामिल पाई गई हैं।

! हर वाहन में ब्लाइंड स्पॉट होते हैं, और कुछ ब्लाइंड स्पॉट पीछे की तरफ़ लगभग 15 मीटर तक फैले हो सकते हैं!

ड्राइववे में बच्चों को चोट लगने या मौत का ख़तरा बहुत ज़्यादा होता है।

- ! छोटे बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं, बहुत तेज़ी से चलते-भागते हैं, और बिना चेतावनी के चलती गाड़ी के रास्ते में आ सकते हैं।
- ! ड्राइवर को अलविदा कहने और गाड़ी स्टार्ट करने में जितना समय लगता है, उतने में बच्चा ड्राइववे पर आकर गाड़ी के रास्ते में आ सकता है।
- ! ‘ब्लाइंड स्पॉट्स’ के कारण, छोटे कद का बच्चा कार के अंदर से दिखना असंभव हो सकता है, ख़ासकर अगर वह सीधे पीछे खड़ा हो।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe की सेवा हर राज्य और प्रांत में अलग हो सकती है।
ज़्यादा जानकारी और सलाह के लिए अपने राज्य या प्रांत के कार्यालय से संपर्क करें।
यहाँ दी गई सारी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_driveway_safety_V1.0_0525

ROADSAFE RANGERS

निगरानी करें, अलग रखें और देखें!

ड्राइववे रनओवर्स रोकने के लिए ये सेफ़्टी स्टेप्स अपनाएँ

निगरानी करें:

- हमेशा अपने बच्चों पर नज़र रखें।
- कार के पास हों तो उनका हाथ पकड़े रखें या उन्हें पास रखें।
- अगर आपको गाड़ी हिलानी है और आस-पास कोई और बड़ा नहीं है, तो अपने बच्चे को सुरक्षित रूप से गाड़ी में बिठाकर ही गाड़ी चलाएँ।

अलग रखें:

- बच्चों को ड्राइववे में खेलने न दें।
- ड्राइववे को प्ले एरिया से फ़ेंसिंग करके अलग करें।
- घर से ड्राइववे तक बच्चों की पहुँच मुश्किल बनाने के लिए सिक्योरिटी डोर, फ़ेंस या गेट लगाएँ।

देखें:

- गाड़ी चलाने से पहले हमेशा उसके चारों तरफ़ पैदल चलकर जाँच करें।
- सिर्फ़ पार्किंग सेंसर या रिवर्सिंग कैमरे पर भरोसा न करें। हो सकता है कि आपको छोटे कद का बच्चा नज़र ना आए जब तक कि बहुत देर न हो गई हो।
- अलविदा कहते समय हमेशा सुरक्षित जगह से हाथ हिलाएँ - ड्राइववे में खड़े होकर नहीं।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe की सेवा हर राज्य और प्रांत में अलग हो सकती हैं।
ज़्यादा जानकारी और सलाह के लिए अपने राज्य या प्रांत के कार्यालय से संपर्क करें।
यहाँ दी गई सारी जानकारी प्रकाशन के समय सही है

RSR_FS_driveway_safety_V1.0_0525